कार्यालय सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की विज्ञप्ति पृ0सं0– मा0शि0प0/सिस्टम सेल/239(1–6) दिनांक 04.06.2026 द्वारा वर्ष 2026 की हाईस्कूल परीक्षा में इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट में कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु अर्ह परीक्षार्थियों का ऑनलाइन आवेदन परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर भरे जाने हेतु अन्तिम तिथि **27–06–2026** निर्धारित की गयी थी।

उक्तानुक्रम में सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.06.2026 को मोहर्रम का अवकाश तथा 27.06.2026 को चतुर्थ शनिवार होने से बैंक बन्द होने के दृष्टिगत छात्रहित में वर्ष 2026 की हाईस्कूल परीक्षा में इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट में कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु अर्ह परीक्षार्थियों का ऑनलाइन आवेदन परिषद की वेबसाइट पर भरे जाने हेतु अन्तिम तिथि **30–06–2026** की मध्यरात्रि 12.00 बजे तक विस्तारित की जाती है। विज्ञप्ति दिनांक 04.06.2026 में वर्णित शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

(भगवती सिंह)
सचिव

पृष्ठांकन संख्याः मा०शि०प०/सिस्टम सेल/387 (1–6) दिनांकः 25 जून, 2026

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रदेश के समस्त दैनिक समाचार पत्र के सम्पादकों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया इसे अपने दैनिक समाचार पत्र के मुख्य पृष्ठ पर जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. उपसचिव माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–7 उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ।
3. शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) एवं सभापति, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, 18 पार्क रोड लखनऊ।
4. मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
5. अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/प्रयागराज/वाराणसी/ गोरखपुर को इस निर्देश के साथ कि जनहित में इसका अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करें।
6. जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ कि जनहित में इसका अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी अर्ह परीक्षार्थी आवेदन से वंचित न रहे।

(भगवती सिंह)
सचिव